आज समाज

वर्ष-18 अंक 70, नई दिल्ली, पृष्ठ-12, रविवार, 10 मार्च 2024, विक्रमी संवत 2080, शक सम्वत-1945, पूर्णिमांत-फाल्गुन 17 प्रविष्टि 24 रज्जब हिजरी, 1445, अयन-माघ, कृष्ण पक्ष अमावस्या, मूल्य, 3.50 रुपए

धर्मशाला टेस्ट जीतते ही भारत ने रचा इतिहास » 10

राष्ट्रीय संस्करण
www.aajsamaaj.com

बेटे आर्यन के ब्रांड का प्रमोशन करते दिखे शाहरुख, सुहाना ने भी भाई की खातिर उठाई 'जादुई छड़ी' » 12

अगले 5 वर्षों में डायरेक्ट सेलिंग की लखपति दीदियों को करोड़पति दीदी बनाने का संकल्प ले: केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

नई दिल्ली। डायरेक्ट सेलिंग संस्था एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एन्टिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसईआई), कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) और एफड़ीएसए द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में डायरेक्ट सेलिंग विराट महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोदी सरकार मे कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों मे डायरेक्ट सेलिंग व्यवसाय से जुड़ी तकरीबन 25 हजार से भी ज्यादा महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा की मोदी जी को यह बताना है कि डायरेक्ट सेलिंग में पूरे देश में 2 करोड़ महिलाएं शामिल है और यह वह फोर्स है वह ताकत है जिस पर आज तक किसी की नजर नहीं पड़ी स्मृति ईरानी ने कहा की एडीएसईआई और सीएआईटी से मैंने कहा है की अगले 5 वर्षों में जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा तब डायरेक्ट सेलिंग की लखपति दीदियों को करोड़पति दीदी बनाना होगा उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों कों सम्बोधित करते हुए कहा की आज इतनी तादाद मे महिलाओं कों एक साथ देखकर ये अनुभव हुआ है की कैसे डायरेक्ट सेलिंग ईमानदार तरीके से की जा सकती है । पियूष गोयल ने आगे कहा की डायरेक्ट सेलिंग हमारी माताओं, बहनों और बेटियों को जीविका के नए अवसर दे रही है जिससे समाज के हर वर्ग की जरूरत को हम पूरा कर सकें सीएआईटी के जनरल सेक्रेटरी व चांदनी चैक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल मे देश ने परिवर्तन होते देखा है अब लोगों कों भरोसा हुआ है की डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री के माध्यम से भी जीवन में सफलता के कीर्तिमान स्थापित हो सकतें है। एडीएसईआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री की समस्याओं एवं चुनौतियों को समझा और फिर डायरेक्ट सेलिंग को चिट फंड से अलग करते हुए उत्पाद आधारित क्षेत्र के तहत लाया गया।